तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 23 जून 2024

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


4 आने वाले समय में भव्य रूप से होगा रामगढ़ महोत्सव : चिंतामणी

















# एसडीएम, रीडर समेत चारों आरोपियों को रिश्वत के मामले में कोर्ट ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

50 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़े गए उदयपुर एसडीएम, रीडर समेत चारों आरोपियों को शनिवार को एसीबी द्वारा न्यायालय में पेश किया गया। प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश ममता पटेल ने आरोपियों को सुनवाई के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। इधर इस मामले में कलेक्टर ने भी कार्रवाई करते हुए एसडीएम बीआर खांडे को पद से हटाकर कार्यालय अटैच कर दिया है। बड़ी बात यह है कि आरोपी एसडीएम के घर से नगदी रकम व बड़ी संख्या में जमीनों के दस्तावेज भी एसीबी ने जब्त किए है और मामले की जांच चल रही है। वहीं एसडीएम बीआर खांडे पूर्व सैनिक कोटे से राज्य प्रशासनिक सेवा में आए थे।

बता दें कि शुक्रवार को एंटी करप्शन ब्यूरो ने उदयपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम जजगा निवासी कन्हाई राम बंजारा की शिकायत पर उदयपुर एसडीएम बीआर खांडे, रीडर धरमपाल, भृत्य अबीर राम व एसडीएम के गार्ड नगर सैनिक कविनाथ सिंह को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। रिश्वतखोरी के आरोप में एसडीएम की गिरफ्तारी से जिला प्रशासन में भी हड़कंप मच गया था। उदयपुर से एसडीएम को गिरफ्तार करने के बाद एसीबी की टीम देर रात तक शहर के गांधी चौक स्थित उनके शासकीय निवास में डटी रही। इस दौरान घर की तलाशी लेने के साथ ही खंगाले गए। जांच के दौरान एसीबी की टीम ने 96 हजार 600 रुपए व कुछ जमीनों के दस्तावेज जब्त किए है। वहीं जांच के दौरान यह बात भी सामने आई थी कि एसडीएम ने प्रार्थी के जमीन की पावर ऑफ अटॉर्नी बनवा ली थी। इस लिए रिश्वतखोरी के साथ ही जमीनों के हेरफेर को लेकर भी एसीबी की टीम ने जांच शुरू कर दी है। शनिवार को एसीबी द्वारा आरोपी एसडीएम बीआर खांडे, रीडर धरमपाल, भृत्य अबीर राम व एसडीएम के गार्ड नगर सैनिक कविनाथ सिंह को प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश ममता पटेल की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में सुनवाई के बाद न्यायालय ने सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। वहीं कार्रवाई के बाद शुक्रवार की रात ही सरगुजा कलेक्टर ने एसडीएम बीआर खांडे को पद से हटाकर कलेक्टर कार्यालय अटैच कर दिया था और उनके स्थान पर उदयपुर का एसडीएम डिप्टी कलेक्टर बनसिंह नेताम को बनाया गया है। बनसिंह नेताम ने शनिवार को पदभार संभाल भी लिया है।

## एसीबी को एसडीएम के घर से मिले 96 हजार 600 रुपए व जमीनों के दस्तावेज

### शिक्षक कर रहा था बाबू बनकर काम

उदयपुर एसडीएम कार्यालय में अवैध वसूली का पूरा सिंडिकेट काम कर रहा था। इस बात का खुलासा एसीबी की जांच से हो रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एसडीएम कार्यालय में पदस्थ लिपिक धरमपाल का मूल पद शिक्षक का है और वह शिक्षक की ड्यूटी छोड़कर एसडीएम का बाबू बना हुआ था। यह भी कहा जा रहा है कि उदयपुर बीईओ द्वारा धरमपाल को संलग्नीकरण आदेश को समाप्त करने पत्र भी लिखा गया था लेकिन एसडीएम ने शिक्षक को रिलीव नहीं किया। इतना ही नहीं एसडीएम कार्यालय में पदस्थ भृत्य अबीर राम भी आदिम जाति कल्याण विभाग का कर्मी है और एसडीएम कार्यालय में अटैच होकर कार्य कर रहा था।



## वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण कर रहे थे दूसरे राज्यों के लोग

# पहली बार एक साथ 40 घरों पर चला बुलडोजर, वन विकास निगम की कार्रवाई



घटना स्थल पर मौजूद पुलिस बल व वन अधिकारी।



अतिक्रमण को ढहाता जेसीबी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ महंगई

शनिवार को महेशपुर गांव के जंगल में अतिक्रमण के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की गई है। जिला व पुलिस प्रशासन के सहयोग से वन विकास निगम ने 40 घरों पर बुलडोजर चलवाया गया। इस दौरान टीम को अतिक्रमणकारियों के विरोध का भी सामना पड़ा लेकिन अंततः भारी संख्या में मौजूद पुलिस बल की मदद से वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

**खास बात**

- पूर्व में भी हो चुकी है कार्रवाई, फिर से किया था अतिक्रमण

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के वन विकास निगम प्रेमनगर स्थित महेशपुर गांव में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने जंगलों की कटाई कर वन भूमि पर कब्जा कर लिया गया था। इस मामले की पूर्व में जिला प्रशासन व वन विकास निगम द्वारा जांच कराई गई थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई थी कि दूसरे राज्यों से आए हुए लोगों ने वन भूमि पर हजारों पेड़ों की बलि चढ़ाकर मकानों का निर्माण कर लिया गया था।

यह अतिक्रमण विगत पांच वर्षों के दौरान किए गए। पूर्व में जंगल के अंदर किए गए कब्जे को हटाने की पहल भी पूर्व कलेक्टर द्वारा की गई थी और अतिक्रमण हटवाए गए थे लेकिन एक भूमाफिया द्वारा पुनः उसी स्थान पर लोगों को बसा लिया गया था। ऐसे में वन भूमि को खाली कराना वन विकास निगम के लिए बड़ी चुनौती बन गई थी। वन विकास निगम द्वारा वस्तु स्थिति से कलेक्टर व एसपी को अवगत कराया गया जिसके बाद अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई के लिए लम्बे समय से तैयारी की जा रही थी। आज वन विकास निगम की टीम जिला प्रशासन के अधिकारियों व सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल के साथ जंगल में पहुंची और अतिक्रमणकारियों को स्वयं से अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई लेकिन अतिक्रमणकारियों पर इसका असर नहीं हुआ।

### विरोध के बीच की गई कार्रवाई

आज जब अतिक्रमणकारियों ने स्वयं से अपना अतिक्रमण नहीं हटाया तो पांच जेसीबी के माध्यम से वन विकास निगम के अधिकारियों ने अतिक्रमण खाली करने का कार्य शुरू कर दिया। इस दौरान लोगों को अपने घरों से सामान निकालने का मौका दिया गया और उसके बाद अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई शुरू कर दी गई। इस दौरान टीम को अतिक्रमणकारियों के विरोध का भी सामना करना पड़ा। अतिक्रमणकारियों ने रास्ते पर लकड़ी, पत्थर रखकर खुद सामने खड़े हो गए थे और ग्रामीण तीर धनुस व टांगी, कुल्हाड़ी से लैस थे लेकिन सूरजपुर एडिशनल एसपी संतोष महतो के नेतृत्व में भारी संख्या में मौजूद पुलिस बल के कारण अतिक्रमणकारी आज अधिकारियों को हावी नहीं हो पाए। सुबह से लेकर देर शाम तक चली कार्रवाई के दौरान कुल 40 घरों को तोड़कर जमीदोज कर दिया गया।

### बसा ली थी जंगल काटकर बस्ती

अतिक्रमणकारियों ने कक्ष क्रमांक 1938, 1950 में वन विभाग की भूमि पर हजारों की संख्या में पेड़ों की कटाई की गई। अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने जंगल को काटकर एक नई बस्ती ही बना ली थी और आराम से अपना जीवन यापन कर रहे थे। इसके साथ ही कुछ लोगों द्वारा जंगल के अंदरूनी हिस्सों में भी अतिक्रमण किया गया है। आज जिला व पुलिस प्रशासन के साथ की गई इस कार्रवाई को संभाग की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है।

### की गई है कार्रवाई

कई वर्षों से दूसरे जिलों से आए लोगों द्वारा वन भूमि पर पेड़ों की कटाई कर अतिक्रमण किया गया। अतिक्रमणकारी घर बनाकर रह रहे थे। आज जिला व पुलिस प्रशासन के सहयोग से वन विकास निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की है।

-आरआर पैकरा
डीएम, वन विकास निगम के



# जनजाति गौरव समाज के कार्यक्रम में कल शामिल होंगे मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



जनजाति गौरव समाज द्वारा वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारी के मद्देनजर प्रणव भवन में जनजाति गौरव समाज की बैठक हुई। समाज के प्रदेश महामंत्री रामलखन सिंह पैकरा ने बताया कि 24 जून को सुबह 11 बजे माता राजमोहिनी देवी भवन में विचार गोष्ठी आयोजित होगी जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सनातन संत समाज के अध्यक्ष वबरू वाहन, माता राजमोहिनी देवी आश्रम की संचालिका श्रीमती रामबाई, जनजाति सुरक्षा मंच के प्रांत सह संयोजक सोहन सिंह एवं संभागीय अध्यक्ष परमेश्वर सिंह मरकाम शामिल होंगे।

## चोरों ने बाजार से पार की बाइक

**अम्बिकापुर।** साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने युवक की बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम उदारी बहेरा पारा निवासी शंकर कुमार पैकरा आ. बसंत पैकरा (23 वर्ष) साप्ताहिक बाजार उदारी में बाइक क्रमांक सीजी 15 डीके 3715 से खरीदारी करने गया था। युवक बाइक को बाजार में खड़ा कर खरीदारी करने चला गया और कुछ समय बाद वापस आया तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। युवक ने बाइक चोरी होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।






**खबर संक्षेप**

## सार्वजनिक स्थल पर शराब पीते दो गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना मणीपुर पुलिस टीम द्वारा संत गहिरा गुरु आश्रम के पास सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने के मामले में कार्रवाई करते हुए नया बस स्टैंड रोड निवासी 44 वर्षीय विजय कुमार सोनवानी, भाथुपारा निवासी 40 वर्षीय अंजू एक्का को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म आरोपी को 20 साल की सजा

**अंबिकापुर।** नाबालिग का अपहरण करने और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी को सजा दी है। अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पोक्सो एक्ट ने आरोपी युवक को अधिकतम 20 वर्ष के कारावास की सजा दी है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 16 वर्षीया नाबालिग 12 अप्रैल 2022 को अपने घर से परीक्षा देने के नाम पर निकली थी लेकिन छात्रा वापस घर नहीं लौटी। ऐसे में परिजन द्वारा खोज बीन उपरान्त घटना की शिकायत पुलिस से की गई थी। पुलिस नाबालिग की तलाश कर रही थी इस बीच लगभग सवा महीने बाद नाबालिग ने फोन कर परिजन को अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। नाबालिग को रायगढ़ से बरामद किया गया था। इस दौरान यह बात सामने आई थी कि जब छात्रा अपने स्कूल जा रही थी तो रायगढ़ के तमनार खालेपारा निवासी 23 वर्षीय नरेंद्र साव आ. संतोष साव ने उसका रास्ता रोक लिया और नाबालिग को शादी करने का झांसा देकर अपने साथ ले गया और लगातार उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। इस दौरान जब भी नाबालिग छात्रा घर जाने की बात करती थी तो आरोपी उसके साथ मारपीट करता था। इस बीच किसी तरह नाबालिग 25 मई 2022 को आरोपी के चंगुल से भाग निकली और रायगढ़ में ही स्थित बंजारी मंदिर के पास बैठकर रो रही थी। इसी दौरान उसने लोगों से मदद मांगकर मोबाइल से अपने परिजन को फोन कर जानकारी दी थी। इस मामले में कोर्ट ने नाबालिग छात्रा के बयान के आधार पर आरोपी नरेंद्र साव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले में आज अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (पॉक्सो एक्ट) कमलेश जगदल्ला के कोर्ट में अंतिम सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक श्रीमती रीता सेन ने पक्ष रखा। सुनवाई के बाद आज न्यायाधीश ने आरोपी नरेंद्र यादव को दोषी मानते हुए धारा 363 के तहत 3 वर्ष के कारावास, 100 रुपए अर्थ दंड व अर्थ दंड नहीं जमा करने पर अतिरिक्त 6 माह के कारावास की सजा दी है। इसके साथ ही धारा 376(3), धारा 03, 04 (1)(2) पॉक्सो एक्ट के तहत 20 वर्ष के कारावास, एक एक हजार रुपए का जुर्माना और जुर्माना की रकम अदा नहीं करने पर एक-एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। वहीं कोर्ट की ओर से नाबालिग को पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के तहत 5 लाख रुपए दिलाने की अनुशंसा भी की गई है।

- अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पॉस्को एक्ट ने सुनाई सजा, वर्ष 2022 का मामला






# रोहित शेट्टी ने खुद किया खतरनाक स्टंट

**नई दिल्ली।** खतरों के खिलाड़ी 14 की शूटिंग की तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर फैंस का एक्साइटमेंट बढ़ा रहे हैं। इसी बीच इंटरनेट पर रोहित शेट्टी ने खुद स्टंट करते हुए अपनी तस्वीरें पोस्ट कर दी हैं। रोहित शेट्टी होस्टेड रियलिटी टीवी शो 'खतरों के खिलाड़ी' का हर सीजन दर्शकों के लिए कुछ नया लेकर आता है। इस सीजन में भी फैंस को काफी कुछ नया देखने को मिलेगा। सामने आ रही शूटिंग की तस्वीरों और वीडियोज के आधार पर कहा जा सकता है कि यह सीजन काफी मुश्किल रहने वाला है। क्योंकि, अभी तक कई एक्टर्स के टास्क करने की कोशिश में जख्मी होने या फिर किसी कीड़े के काटे जाने की खबरें आ चुकी हैं।

लाइफ Style

# ईशा कोपिकर

## झेल चुकी हैं कास्टिंग काउच

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



एक्ट्रेस ईशा कोपिकर, जिन्होंने फिजा फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उन्होंने हाल ही में अपने कास्टिंग काउच के एक्सपीरियंस को शेयर किया। एक्ट्रेस ने कहा, मैं 18 साल की थी। जब एक सेक्रेटरी और एक एक्टर ने मुझे कास्टिंग काउच के लिए अप्रोच किया। उन्होंने कहा कि आपको काम के लिए एक्टर्स के साथ फ्रेंडली होना पड़ेगा।

मैं बहुत फ्रेंडली हूं। लेकिन उस फ्रेंडली का मतलब क्या है। मैं इतनी फ्रेंडली हूं कि एकता कपूर ने एक बार मुझसे कहा था कि थोड़ा एटिट्यूड रखा करो। आगे एक्ट्रेस ने कहा, 'जब मैं 23 साल की थी, तो एक ए लिस्ट एक्टर ने मुझसे अकेले में मिलने के लिए कहा, मेरे ड्राइवर या किसी और के बिना, क्योंकि उसके बारे में अफ़वाहें थीं कि वह दूसरी एक्ट्रेसेस के साथ संबंध रखता है। उसने कहा, 'मेरे बारे में पहले से ही विवाद हैं, और कर्मचारी अफ़वाहें फैलाते हैं।' लेकिन मैंने मना कर दिया और उससे कहा कि मैं अकेले नहीं आ सकती। वह हिंदी फ़िल्म इंडस्ट्री का एक ए-लिस्ट अभिनेता था।'

एक इंटरव्यू में ईशा कोपिकर ने कहा, 'मैंने हीरो को फ़ोन किया, जिसने मुझे अकेले में मिलने के लिए कहा था। उस समय, उस पर बेवफाई का आरोप लगाया जा रहा था, इसलिए उसने मुझे अपने स्टाफ को छोड़कर उससे मिलने के लिए कहा गया।' उसके बाद ईशा ने बताया कि उसने प्रोड्यूसर को फ़ोन किया और कहा कि उसे 'प्रतिभा और लुक के कारण चुना गया है और अगर इससे मुझे अच्छा काम मिल सकता है, तो यह काफी अच्छा है।' गौरतलब है कि ईशा कोपिकर 90 के दशक में बतौर मॉडल करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने हिंदी, तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मराठी फिल्मों में काम किया है।

## हॉलीवुड मसाला



# नशे में धुत पाए गए रैपर ट्रैविस स्कॉट

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी रैपर, गायक और गीतकार ट्रैविस स्कॉट को मियामी क्षेत्र से गुरुवार सुबह गिरफ्तार किया गया। गायक पर अव्यवस्थित नशा और अतिक्रमण का आरोप लगा है। जेल रिकॉर्ड के अनुसार, रैपर को मियामी में नशे में धुत होने और अतिचार के आरोप में गुरुवार सुबह 4 बजकर 35 मिनट पर गिरफ्तार किया गया। हालांकि, उन्हें जल्द ही रिहा भी कर दिया गया, लेकिन इसके लिए उन्हें रकम चुकानी पड़ी। जेल रिकॉर्ड से यह भी जानकारी सामने आई है कि उन्होंने 650 डॉलर (तकरीबन 55 हजार रुपये) का बॉन्ड जमा किया, जिसके बाद उन्हें रिहाई मिल गई।



# ऑस्कर की श्रेणी में शामिल हो सकता है सर्वश्रेष्ठ स्टंट का पुरस्कार?

**लॉस एंजिलिस।** ऑस्कर फिल्म जगत का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है। 1927 में पहली बार इस पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया था और साल 2028 में इसके 100 साल पूरे होने जा रहे हैं। ऐसे में ऑस्कर अवॉर्ड देने वाली संस्था एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज द्वारा कुछ खास तैयारियां की जा रही है और आने वाले दिनों में जो आयोजन होंगे उसमें कुछ बड़े बदलाव भी होने जा रहे हैं। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज के सीईओ बिल क्रेमर ने हाल ही में एक साक्षात्कार दिया। इसमें उनसे पूछा गया कि क्या वो सर्वश्रेष्ठ स्टंट के लिए भी ऑस्कर पुरस्कार देने पर विचार कर रहे हैं। जवाब में, क्रेमर ने कहा कि इस बारे में उनकी प्रोडक्शन और तकनीकी शाखा के साथ बातचीत चल रही हैं। एकेडमी का एबीसी के साथ जो समझौता है उसके तहत मात्र 23 श्रेणियों के पुरस्कारों को ही टीवी पर दिखाया जाता है।



# किआरा की सिंगिंग सुन कर लेंगे तौबा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस किआरा आडवाणी के एक्टिंग के जौहर तो आपने कई फिल्मों में देखे होंगे। गजब तो तब हो गया जब किआरा ने अपना सिंगिंग टैलेंट दिखाया। वो भी ऐसी वैसी जगह नहीं किआरा ने इंडियन आइडल के ग्रैंड फिनाले पर उन्हीं के मंच पर आकर तीन फाइनलिस्ट के लिए ऐसा गाना गाया कि जज अनु मलिक से लेकर वहां मौजूद ऑडियंस का चेहरा देखने लायक था। हम शर्त लगा कर कह सकते हैं कि ये वीडियो देखने के बाद आप यकीनन चाहत फतेह अली खान को उनके बदो बदी गाने के लिए माफ कर देंगे। उनका गाना तो एक बार आपकी जुबान पर चढ़ जाएगा लेकिन किआरा का गाना सुनने के बाद अनु मलिक और खुद सिद्धार्थ मल्होत्रा के चेहरे पर जो एक्सप्रेशन थे वो देखने लायक थे। ये वीडियो दो साल पुराना है। इसमें सिद्धार्थ और किआरा बतौर जज शो के ग्रैंड फिनाले में पहुंचे थे।



# पैपराजी पर भड़के जैकी आया गुस्सा?

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ अपने सरल स्वभाव और चटपटी बोली के लिए जाने जाते हैं। उनके चाहने वाले उनके पीछे-पीछे उनके साथ निकल पड़ते हैं। अब हाल ही में, दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ शुक्रवार को मुंबई में बाहर निकलते ही पैपराजी द्वारा घेर लिए गए, और वह उन्हें सलाह देते हुए देखे गए, साथ ही उनसे दूरी बनाए रखने और भीड़ इकट्ठा न करने के लिए भी कहा। उन्होंने पैपराजी से यह भी कहा कि वे चिल्लाएं नहीं, क्योंकि इससे दिल की समस्या हो सकती है। अब हाल ही में, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें जैकी को अपने खास अंदाज में पैपराजी से बात करते हुए देखा जा सकता है। दरअसल योग दिवस पर पैपराजी और मीडिया ने उन्हें और उनकी कार को घेर लिया था। जैसे ही पैपराजी ने उनका नाम पुकारा, उन्होंने कहा, 'सांस ले लंबा सांस ले। शांति!

## टीवी मसाला



# 'बिग बॉस' ओटीटी 3 में नजर आएंगे साई केतन राव

नई दिल्ली। 'बिग बॉस' ओटीटी 3 के प्रतिभागियों का खुलासा होना शुरू हो गया है। इस कड़ी में अगले प्रतिभागी हैं साई केतन राव। वह टीवी जगत के मशहूर अभिनेता हैं। उनकी जिंदगी का सफर भी अपने आप में काफी फिल्मी रहा है। वह आईटी कंपनी से निकल कर अभिनय की दुनिया में आए हैं। इसके अलावा वह सिर्फ अभिनेता नहीं, बल्कि निर्माता और बॉक्सर भी हैं। साइ केतन राव ने टीवी पर अग्नि साक्षी से डेब्यू किया था। हालांकि, उन्हें स्टारप्लस के शो 'मेंहदी है रचने वाली' में राघव राव के किरदार से पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने 'चाशनी' और 'इमली' जैसे टीवी शो में भी काम किया। टीवी शोज के अलावा साई ने कुछ हिंदी और तेलुगु वेब सीरीज में भी काम किया है। उन्होंने 'थ्री हाफ बॉटल्स', 'लव स्टूडियो', 'लवली', 'अहम ब्रह्मास्मि', 'स्ट्रेंजर्स' आदि सीरीज में काम किया है। टीवी शो और वेब सीरीज के अलावा उन्होंने कुछ तेलुगु शॉर्ट मूवीज में भी काम किया है। उन्होंने सबसे पहले साल 2016 में तेलुगु शॉर्ट फिल्म 'डेविल इन डिसगाइज' में काम किया। इसके बाद वह तेलुगु फिल्म 'नेने राजू नेने मंत्री' में काम किया। इसके अलावा वह एक बॉक्सर भी हैं। साई स्टेट लेवल पर बॉक्सिंग टूर्नामेंट में भी हिस्सा ले चुके हैं। अब वह 'बिग बॉस' ओटीटी 3 के साथ एक नई पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं।

# इस हादसे की वजह से बदल गई थी सना की जिंदगी

**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री सना मकबूल खान इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। वे इस बार 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3' में ग्लैमर का



तड़का लगाती नजर आने वाली हैं। सना मकबूल के फैंस उन्हें घर में देखने के लिए काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। सना मकबूल खान टीवी की दुनिया का चमकता हुआ नाम है। वे टीवी के अलावा तेलुगू और तमिल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। सना मकबूल खान कई हिट शो का हिस्सा रह चुकी हैं। वे 'कितनी मोहब्बत 2', 'इस प्यार को क्या नाम दूं' और 'आदत से मजबूर' जैसे शो में काम कर चुकी हैं। सूत्रों की मानें तो सना को हेपेटाइटिस हो गया था। इस वजह से उन्हें अपने कई शो से भी हाथ धोना पड़ा था। वहीं अब वे एक बार फिर से धमाल मचाने को तैयार हैं। सना मकबूल खान लंबे समय के बाद 'बिग बॉस ओटीटी 3' से वापसी करने जा रही हैं।

*एक्शन में साउथ की ये एक्ट्रेस पुष्पा और केजीएफ से भी निकली आगे*

# रेचेल का धांसू टीजर रिलीज




**नई दिल्ली।** हनी रोज की फिल्म रेचेल का टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर ने इशारा कर दिया है कि फिल्म जबरदस्त मारधाड़ और खून-खराबा देखने को मिलेगा। आनंदिनी बाला रेचेल के साथ डायरेक्शन की दुनिया में कदम रखने जा रही है। इस टीजर से इशारा मिल जाता है कि हनी रोज को एकदम नए अंदाज में पेश किया जाएगा और उनके एक्टिंग के हुनर का भरपूर फायदा भी उठाया जा रहा है। फिल्म में बाबू राज, कलाभवन शाजोन, रोशन बशीर, चंदू सलीमकुमार, राधिका राधाकृष्णन, जाफर इडुक्की, विनीत थट्टिल, जोजी, दिनेश प्रभाकर, पॉली वलसन, वंदिता मनोहरन जैसे कलाकार भी हैं।रेचेल मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी भाषाओं में रिलीज के लिए तैयार है। रेचेल का टीजर देखकर फैन्स जमकर कमेंट भी कर रहे हैं। एक फैन ने हनी रोज की तारीफ करते हुए लिखा है कि हनी रोज यहां सिर्फ एक्टिंग नहीं कर रही हैं, बल्कि वो इस कैरेक्टर को जी रही हैं। इसे देखकर रोंगटे खड़े हो गए। वहीं एक कमेंट आया है कि यह फिल्म हनी रोज की सबसे बेहतरीन फिल्म होगी। फिल्म देखने का इंतजार है। यहीं यूट्यूब पर इसके बैकग्राउंड म्यूजिक को लेकर भी जमकर कमेंट आ रहे हैं। इस तरह फैन्स को अब इंतजार है तो रेचेल के ट्रेलर का। साउथ की एक्ट्रेस हनी रोज का पूरा नाम हनी रोज वर्गीज है। हनी मुख्य रूप से मलयालम फिल्मों में काम करती हैं। 2023 में हनी रोज ने 'वीरा सिम्हा रेड्डी' के साथ तेलुगू फिल्मों में कदम रखा और धूम मचा दी।

# बॉलीवुड सुपरस्टार की बिग बजट फिल्म साबित हुई डिजास्टर

**नई दिल्ली।** बिग बजट की फिल्में इस उम्मीद से बनाई जाती हैं कि बॉक्स ऑफिस पर उतरते ही ये मूवीज अपना कमाल दिखाएंगी और मेकर्स ने फिल्म को बनाने के लिए जो बड़ा अमाउंट खर्च किया होता है। उसकी लागत वसूलने की भी उम्मीद होती है। साथ ही मुनाफा कमाने की भी ख्वाहिश होती है। लेकिन हर फिल्म उस उम्मीद पर खरी नहीं उतरती।इसका उदाहरण है आशुतोष गोवारीकर की वो फिल्म जिसे बनाने के लिए उन्होंने सौ करोड़ से ज्यादा रुपए फूंक दिए। अकेले हीरो ने ही फिल्म के लिए 68 करोड़ रुपए की फीस ली। लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई और डिजास्टर साबित हुए। ये फिल्म थी मोहनजो दारो। जो आशुतोष गोवारीकर ने डायरेक्ट की थी। ऋतिक रोशन, पूजा हेगड़े और कबीर बेदी, इसमें लीड रोल में थे। पूरी फिल्म बनाने में आशुतोष गोवारीकर ने करीब 115 करोड़ रुपए खर्च किए थे। आईएमडीबी के मुताबिक, इस बजट में 68 करोड़ रुपए सिर्फ ऋतिक रोशन की ही फीस थी। फिल्म 206 में रिलीज हुई थी।लेकिन उनका करिश्मा भी फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर कोई कामयाबी नहीं दिलवा सका। ऋतिक रोशन की ये फीस उस समय के हिसाब से किसी हीरो की सबसे ज्यादा फीस थी। फिल्म की कहानी मोहनजो दारो सिविलाइजेशन



के इर्द गिर्द घूमती है। उस दौर को रचने के लिए आशुतोष गोवारीकर ने सेट्स और कॉस्ट्यूम्स पर बहुत पैसा खर्च किया। फिल्म की कहानी एक युवा से शुरू होती है जिसे सपने में यूनिकॉर्न दिखता है। और उसकी तलाश में वो मोहनजो दारो तक आ जाता है। जहां के लोगों को शासक के जुल्मों सितम से बचाने के लिए वो लंबी लड़ाई लड़ता है। उसके बाद एक नई सभ्यता का उदय होता है। फिल्म की कहानी दर्शकों के गले नहीं उतर सकी थी और फिल्म की जबरदस्त हाइप होने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस सिर्फ 100 करोड़ रुपए ही कमा सकी थी।

# फिल्म इंडस्ट्री के वो स्टार्स जिन्होंने बदले अपने असली नाम

*मुंबई। फिल्म इंडस्ट्री में एक्टर्स की पहचान उनके नाम से होती है। आज फिल्म इंडस्ट्री में कई नाम ऐसे हैं जिसे हर कोई जानता है। हालांकि, ऐसे कई एक्टर्स हैं जिन्होंने इंडस्ट्री में आने से पहले अपने नाम को बदला। आज हम आपको उन एक्टर्स के असली नाम बता रहे हैं।*



## शाहरुख खान

किंग खान, बादशाह, रोमांस किंग...ये कुछ नाम हैं जो शाहरुख खान के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। ये नाम उनको उनके फैंस और इंडस्ट्री में अपने काम पर मिले, लेकिन क्या आप जानते हैं शाहरुख खान का असली नाम कुछ और था। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो शाहरुख खान की नानी ने उनका नाम अब्दुल राशिद खान रखा था। बाद में, उनके पिता ने उनका नाम बदल कर शाहरुख कर दिया था।

## सलमान खान

आपको जानकर हैरानी होगी की सलमान खान का असली नाम अब्दुल रशीद सलीम सलमान खान था। सलमान खान का ये नाम उनके पिता सलीम खान और दादा अब्दुल रशीद खान के नाम से मिलकर बना है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्मों में आने के बाद उन्होंने अपना नाम सलमान खान कर लिया था। आज पूरी दुनिया उन्हें सलमान खान के नाम से जानती है।





## रेखा

बॉलीवुड एक्ट्रेस रेखा ने अपने वक्त में बहुत सी हिट फिल्में दी हैं। वो आज भी एक जानामाना नाम हैं और हर कई उनकी सुंदरता की तारीफ करता है। क्या आप जानते हैं रेखा का असली नाम भानुरेखा गणेश है। उन्होंने फिल्मों में काम करने के लिए अपने नाम को छोटा करके रेखा रख लिया था।

## अक्षय कुमार

अक्षय कुमार का असली नाम राजीव भाटिया था। उन्होंने फिल्मों में आने के बाद अपना नाम बदला। एक इंटरव्यू में अक्षय कुमार ने बताया था कि फिल्म 'आज' में लीड रोल कुमार गौरव निभा रहे थे। फिल्म में उनके किरदार का नाम अक्षय था। एक दिन उन्हें पता नहीं क्या हुआ वो कोर्ट गए और अपना नाम अक्षय कुमार कर लिया।



## शिल्पा शेट्टी

शिल्पा शेट्टी को कौन नहीं जानता। हर कोई इस नाम से वाकिफ है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि शिल्पा शेट्टी का ये असली नाम नहीं है। शिल्पा शेट्टी का असली नाम अश्विनी शेट्टी है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो उनका नाम उनकी मां ने चेंज किया था। शिल्पा की मां एक एस्ट्रोलॉजर हैं और उन्होंने बेटी का करियर बनाने के लिए नाम बदलने का फैसला किया था।



22 Ambikapur-BHOOMI-pg 4-0_Layout 1 6/22/2024 9:52 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### समर्थकों ने केक काटकर मनाया पूर्व मंत्री का जन्मदिन

**अंबिकापुर।** पूर्व मंत्री अमरजीत भगत का जन्म दिन उनके समर्थको द्वारा धूमधाम से मनाया गया। समर्थकों ने पूर्व मंत्री श्री भगत के निवास पर पहुंचकर केक काटा और उनके लंबी उम्र की कामना करते हुए जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान पार्षद दीपक मिश्रा, लालचंद यादव, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी, सुरेंद्र चौधरी, छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के सदस्य अभिषेक सिंह, विनय पांडे, शिव प्रसाद अग्रहरि, मनोज सोनी, सैयद सादिक हुसैन, मनीष पांडे, अनुराग सिंह, संदीप जायसवाल, सोहराब फिरदौसी, शुभम सोनी, आदर्श बंसल व अन्य मौजूद थे।

### पार्वती इंस्टीट्यूट में मनाया गया योग दिवस



**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एण्ड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय एवं नर्सिंग महाविद्यालय सिलफिली जिला-सूरजपुर में योगासनों का अभ्यास किया गया। योग शिक्षिका श्रीमती पूनम पाण्डेय एवं सुश्री पद्मावती पाण्डेय ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायामों का अभ्यास कराया। इस दौरान अध्यक्ष सह चेयरमैन प्रमेन्द्र तिवारी, प्रभारी प्राचार्य श्रीमती प्रीति सोनी, श्रीमती एस.एम. जागृति लकड़ा सहित सभी अध्यापक एवं रासेयों के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### 12 पशु सखी को बांटे गए मेडिसिन किट

**प्रतापपुर।** संगता सहभागी ग्रामीण विकास संस्थान कार्यालय में पशु सखी बैठक का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण तकनीकी सहयोग द गोस्ट ट्रस्ट और सयोजक अजीम प्रेम फाउंडेशन लखनऊ से प्रशांत ने प्रतापपुर ब्लाक के गोरगी, सेमराखुर्द, डाड करवा, करसी, हरिहारपुर, भरदा, दरहोरा, जजावल, देवरी भेड़िया, पकनी के बारह पशु सखी को मेडिसिन किट वितरण किया गया। इस दौरान प्रतापपुर पशु चिकित्सा अधिकारी बच्चेलाल, संगता के डायरेक्टर भूपेन्द्र बहादुर सिंह, विरेन्द्र कुमार धुर्वे, सुरेश कुमार यादव, कलवंत सिंह, मनियारों, शिवमंगल, कोलिका, मुसाहित सहित अन्य उपस्थित थे।

### सीढ़ी से गिरा युवक, अस्पताल ले जाते समय तोड़ा दम

**अम्बिकापुर।** पान ठेला के समीप सीढ़ी चढ़ने के दौरान युवक गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार नवापारा चर्च के समीप निवासी शेख हबीब आ. स्व. शेख रमजान (40 वर्ष) गत दिन दोपहर नवापारा चौक के समीप पान ठेला के सीढ़ी पर चढ़ रहा था। इसी दौरान नीचे गिरने तथा सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही अचेत हो गया। परिजन घायल को नवापारा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**राजपुर।** थाना अंतर्गत ग्राम चिलमाला कला निवासी 19 वर्षीय युवती शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद घर के परछी में सो गई थी। इस दौरान लगभग 12 बजे मृतिका का भाई आंगन की तरफ गया था तो उसकी बहन अपने बिस्तर पर सो रही थी लेकिन आज सुबह जब परिजन सोकर उठे तो उनके होश उड़ गए। युवती की लाश बिना दरवाजे वाले कमरे में मयार से चुनरी के सहारे फांसी से लटकी हुई थी। परिजन द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। संभावना जताई जा रही है कि युवती ने रात 1 से 5 बजे के बीच फांसी लगाई है। इस घटना के बाद परिजन में शोक का माहौल है। थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने बताया कि घटना स्थल से मृतिका के मोबाइल फोन, उसके कॉपी पुस्तक को जब्त किया गया है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आत्महत्या के कारणों का पता चल सकेगा।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक आज

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार को विशेषज्ञ डॉक्टर परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगें। छ.ग. के विख्यात न्यूरोसर्जन डॉ.राहुल अहलूवालिया, न्यूरोफिजिशियन डॉ.अभिजीत कुमार कोहाट, डॉ.रितेश रंजन, रीढ़ की हड्डी और नस रोग विशेषज्ञ डॉ.विमल अग्रवाल, छाती एवं श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ.रोशन वर्मा संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।



## सरगुजा सांसद ने किया दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव का शुभारंभ

# आने वाले समय में भव्य रूप से होगा रामगढ़ महोत्सव : चिंतामणी



संगोष्ठी में पुस्तक विमोचन करते अतिथि।



स्टॉल का अवलोकन करते सांसद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आषाढ़ माह के प्रथम दिवस पर भारत की प्राचीन नाट्यशाला के रूप में विख्यात रामगढ़ में दो दिवसीय महोत्सव का भव्य रूप से शुभारम्भ किया गया। महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर शोधार्थियों द्वारा शोध पत्रों का वाचन किया गया। वहीं कवि सम्मेलन, मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

**खास बात**
- शोध पत्रों का किया गया वाचन

शनिवार को दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद चिंतामणी महाराज ने कहा कि सरगुजा के इस ऐतिहासिक स्थल रामगढ में वनवास के दौरान भगवान राम, माता सीता एवं लक्ष्मण के आगमण एवं निवास का प्रमाण मिलता है जो सीता बेंगरा गुफा के नाम से जानी जाती है। महाकवि कालिदास ने यहीं अपने खंडकाव्य मेघदूत की रचना की। इस ऐतिहासिक महत्व के स्थल को देश-विदेश में पहचान दिलाने लगभग 50 वर्षों से लगातार यहां महोत्सव का आयोजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि आने वाले वर्षों में यह आयोजन और भव्य आयोजन होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह ने भी रामगढ़ महोत्सव की शुभकामनाएं प्रेषित की। जिला पुरातत्व संघ से आलोक दुबे ने रामगढ़ महोत्सव का संक्षिप्त विवरण सभी के समक्ष रखा। कलेक्टर सरगुजा के मार्गदर्शन में आयोजित रामगढ़ महोत्सव के शुभारंभ समारोह में अपर कलेक्टर सुनील नायक ने प्रशासकीय प्रतिवेदन पढ़कर रामगढ के इतिहास एवं कार्यक्रम की रूपरेखा के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बता दें कि रामगढ़ में भारत की प्राचीन नाट्यशाला मौजूद है। रामगढ़ पहाड़ियों में महाकवि कालिदास ने खंडकाव्य मेघदूत की रचना की थी। आषढ़ के प्रथम दिवस पर यहां उत्सव मनाया जाता है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य राजनाथ सिंह, श्रीमती राधा रवि, जनपद पंचायत अध्यक्ष उदयपुर श्रीमती भोजवंती सिंह, उपाध्यक्ष नीरज मिश्रा, करता राम गुप्ता सहित जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारी और बड़ी संख्या में महोत्सव का आनंद लेते आम नागरिक मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन

महोत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ राज्य सहित अन्य राज्यों से आए शोधार्थियों द्वारा शोध पत्रों का वाचन किया गया। भोपाल से आए डॉ. निलिम्प त्रिपाठी एवं रायपुर से आए ललित शर्मा ने अन्य शोधार्थियों का मार्गदर्शन किया। इसके साथ कवि सम्मेलन में स्थानीय कवियों द्वारा अपनी प्रस्तुतियां दीं गईं। इस अवसर पर स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा गीत-संगीत की सुंदर प्रस्तुति दी गईं। स्थानीय कलाकारों ने भी कथक नृत्यांगना रित्विका बनर्जी की कथक प्रस्तुति सभी का मन मोहा। शोधार्थियों और कलाकारों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इस दौरान अतिथियों द्वारा रचनाकार एवं गीतकार मीना वर्मा द्वारा लिखित पुस्तक "रामगढ नाट्यशाला" खण्डकाव्य तथा श्रीश मिश्र द्वारा लिखित "सन्दर्भ रामगढ- मेघदूतम की रचनास्थली सरगुजा का रामगढ़" का विमोचन किया गया।




## कोयलांचल स्थित जगन्नाथ मंदिर में धूमधाम से शुरू हुआ रथ यात्रा महापर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयलांचल बिश्रामपुर में स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में रविवार को रथ यात्रा महापर्व में पूर्णिमा के अवसर पर देव स्नान से कार्यक्रम शुरू हुआ।

इस दौरान नगर के उत्कल समाज द्वारा जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में महाप्रभु जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ मंदिर से बाहर निकल कर पूर्णिमा के अवसर पर देव स्नान करवाकर कार्यक्रम को धूमधाम से विधि विधान अनुसार संपन्न किया गया। इस अवसर पर मंदिर के वरिष्ठ कृष्ण प्रधान, नीलांबर नंदा एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव के द्वारा पारंपरिक झाड़ू प्रथा किया गया एवं समाज के द्वारा मंदिर से भगवान को स्नान मंडप में विराजमान करवा कर देव स्नान संपन्न किया गया। इस संबंध में अध्यक्ष विशाल स्वाई द्वारा बताया गया कि पूर्णिमा के दिन प्रभु का स्नान संपन्न किया जाता है, तत्पश्चात प्रभु रथ यात्रा तक 14 दिवस बीमार रहते हैं और भक्तों को इस दौरान दर्शन प्राप्त नहीं हो पता है और इन 14 दिवस तक प्रभु को काढ़ा सेवन करवाया जाता है। तत्पश्चात वे ठीक होकर रथ पर सवार होकर अपने भाई और बहन के साथ अपने मौसी के घर जाते हैं। जिसे रथ यात्रा के नाम से समूचे विश्व में धूमधाम से मनाया जाता है और इस दिवस प्रभु समस्त भक्तों को खुला दर्शन देते हैं, जो इस बार आगामी 7 जुलाई रविवार को रथ यात्रा आयोजित होना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के अशोक स्वाई, सेनापति प्रधान, एल सी त्रिपाठी, राजेंद्र प्रधान, प्रदीप त्रिपाठी, अक्षय साहू, अलंकार नायक, विद्याधर, श्रीनाथ देहूरी, प्रभाकर स्वाई आदि एवं महिला मंडल से अध्यक्ष दीप्ति स्वाई, गीता स्वाई, मंजू स्वाई, लीलावती, अनुराधा प्रधान, सविता, रीता त्रिपाठी, प्रभासिनी नायक, कुन्नी सेवा में सक्रिय रहे।

## पांच वर्षीय बेटे की गला घोंटकर हत्या करने के बाद पिता ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

शनिवार की रात ग्राम कोटछाल में एक पिता ने अपने ही पांच वर्षीय मासूम बच्चे की गला घोंटकर हत्या कर दी। बच्चे को मौत की नींद सुलाने के बाद पिता ने भी खुद कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आज सुबह जब परिवार के सदस्य सोकर उठे तो यह मंजर देखकर उनके होश उड़ गए। पिता द्वारा बेटे की हत्या कर खुद की जान लेने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार मृतक पिता की दिमागी हालात ठीक नहीं थी। बड़ी बात यह है कि तीन माह पहले ही बच्चों के मां की मौत हो गई थी ऐसे में मृतक के दो और बच्चे अब बेसहारा हो गए है।

- फांसी लगाकर दी जान, ग्राम कोटछाल की घटना, तीन माह पहले प्रसव के दौरान हुई थी बच्चों के मां की मौत

यह घटना थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम कोटछाल की है। बताया जा रहा है कि कोटछाल बैगापारा निवासी 35 वर्षीय देवकुमार मांझी आ. अमर विलास मांझी अपने माता पिता, 5 वर्षीय पुत्र दीपेश मांझी के साथ ही एक 3 वर्षीय पुत्र व तीन माह की पुत्री के साथ रहता था। युवक बीती रात परिवार के सदस्यों के साथ खाना खाकर सो गया था। आज सुबह जब देवकुमार मांझी के माता पिता सोकर उठे तो देखा कि उनका 5 वर्षीय पोता जमीन पर मृत पड़ा हुआ है जबकि बेटे का शव की फांसी पर लटका हुआ है। इस घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस तीन मौके पर पहुंची थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि मृतक देवकुमार मांझी की मानसिक हालत पिछले एक वर्ष से ठीक नहीं थी इसके साथ ही तीन माह पूर्व बच्ची को जन्म देते हुए पत्नी की भी मौत हो गई थी। पत्नी की मौत के बाद देव कुमार की हालत और बिगड़ गई थी। मृतक युवक को अक्सर दौरा पड़ता रहता था। इसी बीच एक माह पूर्व भी उसने अपने 5 वर्षीय बेटे दीपेश मांझी को तालाब में फेंक दिया था लेकिन उस दौरान उसकी जान बच गई। ऐसे में फिलहाल इस हत्याकांड का पता नहीं चल सका है लेकिन इस घटना को लेकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि रात को सोते समय देवकुमार मांझी ने अपने बेटे की गला घोंटकर हत्या कर दी और फिर उसने खुद कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में थाना प्रभारी जॉन प्रदीप लकड़ा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच जारी है।



### दादा-दादी के साथ थे इस लिए बची दो की जान

बताया जा रहा है कि घटना के दौरान मृतक का एक तीन वर्षीय पुत्र व तीन माह की बच्ची अपने दादा-दादी के साथ उनके कमरे में सोए हुए थे। यदि दोनों बच्चे भी पिता के साथ होते हो शायद उनकी भी जान खतरे में पड़ जाती। तीन माह प्रसव के दौरान मां की मौत और अब पिता व भाई की मौत के बाद दोनों बच्चे बेसहारा हो गए है और उनके लालन पालन का जिम्मा बुजुर्ग दादा-दादी के कंधों पर आ गया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### चल रही है जांच

मृतक की एक वर्ष से मानसिक हालत ठीक नहीं थी। इसी बीच तीन माह पूर्व पत्नी की प्रसव के दौरान मौत हो गई थी जिसके बाद से उसकी हालत बिगड़ गई थी। युवक ने अपने बच्चे की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। फिलहाल मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी सरगुजा

## भाजपा सांसद का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सांसद चिंतामणी महाराज के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिबाजी कर भव्य स्वागत किया। वहीं जिला भाजपा कार्यालय अटल कुंज में जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल के नेतृत्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-माला के साथ स्वागत किया। नगर आगमन से पूर्व सांसद चिंतामणि महाराज का जगह-जगह स्वागत किया।

भाजपा जिला कार्यालय अटल कुंज में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम से सरगुजा सांसद बना हूं। अब आपकी आवाज सदन मे उठाउंगा। क्षेत्र के विकास व जन कल्याण पहली प्राथमिकता रहेगी। कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि जिले के भाजपा कार्यकर्ता व जनता ने विष्णु के सुशासन व मोदी की गारंटी पर फिर मुहर लगाया है। विधायक भूलन सिंह ने कहा कि सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज के निर्वाचित होने के बाद अब हमारी ताकत दोगुनी हो गई है। प्रेमनगर क्षेत्र की जनता ने विधानसभा चुनाव के बाद एक बार पुनः लोकसभा चुनाव में भाजपा पर भरोसा जताया है।



पूर्व प्रदेशाध्यक्ष रामसेवक पैकरा, वरिष्ठ भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गोयल ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि जिले के एक-एक कार्यकर्ता के परिश्रम का परिणाम है कि आज सरगुजा सांसद हमारे बीच मौजूद हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राजेश महलवाला ने किया। इस दौरान अजय गोयल, राजेश अग्रवाल, थलेश्वर साहू, अनूप सिन्हा, संदीप अग्रवाल, अशोक सिंह, शिव प्रसाद सिंह, शशि तिवारी, राजेश्वर तिवारी, जगमोहन सिंह, जयप्रकाश उपाध्याय, राम शिरोमणि साहू, अजय अग्रवाल, सुरेंद्र राजवाड़े, लीलू गुप्ता, देवधान बिंदिया, मोहन शर्मा, सुभाष राजवाड़े, मार्तंड साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शादी में शामिल होने आए व्यक्ति की संदिग्ध मौत

**अम्बिकापुर।** शादी कार्यक्रम में शामिल होने आए व्यक्ति की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार रायपुर कृष्णा नगर टिकरा पारा निवासी शीतल कुमार आ. स्व. सिमोन तिग्गा (59 वर्ष) गुरूवार को विश्रामपुर शादी कार्यक्रम में शामिल होने आया था। इसी दौरान अचानक चक्कर आने से गिर गया। मौके पर मौजूद परिचित लोगों ने उसे तत्काल सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां स्वास्थ्य में सुधार होने पर वापस विश्रामपुर लेकर आ गए। इसी बीच पुनः चक्कर आने से गिर गया जिससे मौके पर ही अचेत हो गया। परिचित लोग शीतल को अंबिकापुर निजी अस्पताल लेकर आए जहां चिकित्सकों ने आज उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक जीआरपीएफ में हेड कांस्टेबल के पद पर पदस्थ था।

## शराब पीने पर पत्नी ने लगाई फटकार तो पति ने उतारा मौत के घाट, गया जेल

**रामानुजनगर।** शराब पीकर घर आए पति को जब पत्नी ने फटकार लगाई तो नाराज पत्नी की बात से नाराज हुए पति ने न सिर्फ मारपीट किया बल्कि मौत के घाट उतार दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचवटी निवासी विजय सिंह आ. सुखलाल सिंह (40 वर्ष) गत दिन ग्राम मदनपुर में घर का छप्पर मरम्मत करने गया था। इसी दौरान दोस्तों से विवाद हो गया तो शराब पीने के बाद घर पहुंचा। पति को नशे की हालत में देख पत्नी बिंदु (30 वर्ष) ने विवाद करने लगी के साथ पति को फटकार लगाने लगी। पत्नी की बात सुन पति नाराज हो गया और पत्नी पर जानलेवा हमला करते हुए बेदम पिटाई कर दी। मारपीट से पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई और पति के डर से घर से बाहर निकल गई। इधर पत्नी के गंभीर हालत को देख पति घर से फरार हो गया। इसी बीच 21 जून की तड़के महिला की घर में ही मौत हो गई। मारपीट की जानकारी लगने पर मृतिका के ससुर सुखलाल सुबह घर पहुंचा तो देखा बहू मृत हालत में पड़ी हुई थी। सुखलाल सिंह ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति के विरूद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। आज पुलिस टीम ने आरोपी पति विजय सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## तालाब गहरीकरण में गड़बड़ी, जांच करने पहुंचे जनपद सीईओ व एसडीओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम पंचायत गोविंदपुर में मनरेगा के तहत लाठ पोखरा तालाब कार्य में भारी गड़बड़ी करते हुए अधिकारी एवं सरपंच-सचिव द्वारा मजदूरो के बजाए जेसीबी से गहरीकरण व सफाई कराने की खबर की हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर प्रकाशन के बाद आज जनपद सीईओ, आरआईएस एसडीओं सहित टीम द्वारा तालाब का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में जेसीबी से गहरीकरण कराने के निशान पाए गए।

- जेसीबी से गहरीकरण कराने का मिला निशान



तालाब गहरीकरण में गड़बड़ी किए जाने की जानकारी लगते ही जिला पंचायत सीईओ कमलेशनंदनी साहू ने तत्काल संज्ञान में लेकर जांच टीम बनाकर जनपद पंचायत प्रतापपुर के सीईओ राधेश्याम मीर्झा व एसडीओ आरआईएस विभाग लवली सिंह, पीओ पैकरा, इंजीनियर सहित जांच टीम मौके पर पहुंची और सरपंच, सचिव, उप सरपंच, पंच सहित गांव के लोगों के साथ गोविंदपुर तालाब का निरीक्षण किया। इस बीच गांव के लोगों ने तालाब गहरीकरण में गड़बड़ी करने पर अधिकारियों को घेर लिया और उन्हें जमकर खरी खोटी सुनाई। ग्रामीणों ने कहा कि मनरेगा के तहत तालाब का गहरीकरण करना था लेकिन जेसीबी से आधा अधूरा कर छोड़ दिया गया जिससे गांव के लोग रोजगार से वंचित हो गए। ग्रामीणों ने जांच में किसी प्रकार की हेरा फेरी करने पर जनपद कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

जांच अधिकारी जनपद पंचायत सीईओ राधेश्याम मीर्झा ने ग्रामीणों से कहा कि मामले की सूक्ष्मता से जांच की गई है तथा सभी विषय पर जांच करते हुए स्थानीय तालाब का निरीक्षण किया गया है। जांच के दौरान जेसीबी चलने का निशान सहित बीच में तालाब की मिट्टी का ढेर पाया गया है। मनरेगा के तहत होने वाले इस कार्य में भारी लापरवाही बरती गइ्र है और पैसा आहरण किया गया है।

जांच रिपोर्ट जिला पंचायत सीईओ के पास में भेजा जाएगा। मामले में जितने लोग भी शामिल है उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की अनुशंसा की जाएगी।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा ● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 16,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
05 सितम्बर से 19 सितम्बर 2024, 09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 05 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024
08 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2024
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411